Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LV (55), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

शिक्षक प्रशिक्षक पाठ्यक्रम के इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति प्रतिक्रियाओं का अध्ययन

डॉ. गंगाराम वास्केल* डॉ. रामदास लखोरे**

* सहायक प्राध्यापक, शिक्षा अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, शिक्षा अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – शिक्षा व्यवहारिक जीवन का आधार है। शिक्षा में आधुनिकता एवं नवाचारों पर बल दिया जा रहा है। वर्तमान की शैक्षिक आवश्यकता भी गुणात्मक व व्यवहारिक शिक्षा की ओर ध्यान इन्गित करती है। इस हेतु एक कुशल शिक्षक शिल्पी की भाँति होना चाहिए। बालक के जीवन की नींव रखने में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा की भूमिका तब अधिक उपयोगी हो जाती है, जब विद्यार्थियों की निष्पत्ति में वृद्धि करना आवश्यक हो जाये। भविष्योंमुखी परिवर्तनों से शिक्षा भी अछुती नहीं रही है और साथ ही शिक्षक शिक्षा का स्वरूप भी अमूलचुल परिवर्तनों से नहीं बच पाया हैं। शिक्षक–शिक्षा देश की संघीय सूची का महत्वपूर्ण हिस्सा है परन्तु शिक्षक शिक्षा को नीतिगत और विधिक ढाँचा केन्द्रिय सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। शिक्षा की गुणवत्ता व प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए शिक्षक–प्रशिक्षणार्थी के शिक्षण में इंटर्नशिप का महत्वपूर्ण योगदान है। इंटर्नशिप शिक्षक–प्रशिक्षणार्थी को शिक्षा के वास्तविक प्रशिक्षण से अवगत कराने में अहम् भूमिका निभाती है। इंटर्नशिप शिक्षक– प्रशिक्षणार्थियों को विद्यालय में शिक्षा के साथ–साथ संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के वास्तविक अनुभव अर्जित करने में सहायता करती है। शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को विद्यालयी जीवन में होने वाले विभिन्न शैक्षणिक एवं पाठ्यचर्यागामी क्रियाकलापों, गतिविधियों व उत्तरदायित्वों को पूर्णरूप से समझने, सीखने व प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था कनाम ही 'इन्टर्नशिप' है। अत: बी.एड.पाठ्यचर्या में इंटर्नशिप की अवधारणा 'वास्तविक अनुभव वास्तविक परिस्थिति' के सिद्धांत का अनुकरण करती है।

प्रस्तावना – शिक्षक–शिक्षा एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया है जिसमें व्यावसायिक रूप से शिक्षकों को तैयार किया जाता है। 'इंटर्नशिप', शिक्षक–शिक्षा का एक महत्वपूर्ण क्रियात्मक भाग है जिसमें शिक्षक प्रशिक्षणार्थी व्यावसायिक रूप से शिक्षण की उंचाइयों तक पहुँचने का प्रयास करता है।

इंटर्नशिप कार्यक्रम से आशय एवं स्वरूप – गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा के विचार को साकार रूप देने के लिए ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम एवं अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है जो शिक्षकों में बच्चों की समझ, शिक्षा की समझ, समस्याओं को पहचानने तथा विभिन्न समकालीन चुनौतियों पर चिंतन कर उन पर विजय प्राप्त कर सकने में मदद कर सके । बी.एड. नवीन पाठ्यक्रम में शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की समझ एवं आवश्यक क्षमताओं को इसी दिशा में विकसित करने का प्रयास किया गया है। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में नवीन प्रयोगों की आवश्यकता नवीनतम् शिक्षा सिद्धांतों एवं बहुआयामी विकास कार्यक्रमों की समझ बढ़ाने हेतु प्रयोग एवं अभ्यास के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। समझ की स्पष्टता के लिए शिक्षक प्रशिक्षणार्थी विद्यालय की वास्तविक परिस्थितियों में एक पूर्णकालिक शिक्षक की भाँति शिक्षण अनुभव प्राप्त करेंगे।

बी.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत् शिक्षा के सैद्धांतिक पक्षों तथा शिक्षण कार्य को स्कूल के परिवेष व सीखने–सिखाने की परिस्थितियों को एक दूसरे की पृष्ठभूमि में समझा जाएगा। इसीलिए इस कार्यक्रम को 16 सप्ताह का इंटर्नशिप कार्यक्रम संपन्न होगा। जिसमें शिक्षक प्रशिक्षणर्थियों को नियमित रूप से प्रशिक्षु शिक्षक के रूप में कार्य करना होगा।

एनसीटीई के गाईडलाईन के अनुसार इंटर्नशिप स्कूल के कुछ शिक्षकों को निर्देशक के रूप में नामांकित किया जाना है। बी.एड. द्विवर्षीय के 16 सप्ताह के इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रत्येक निर्देशक 05–08 शिक्षक प्रशिक्षणर्थियों को उनकी विषय विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए अपने साथ संलग्न कर सकता है। निर्देशक, शिक्षक प्रशिक्षणर्थियों को विस्तारित शिक्षक शिक्षा संकाय के सदस्य के रूप में कार्य करा सकते है तथा उनको उस क्षेत्र में विकसित कर सकते है। शिक्षक प्रशिक्षणार्थी जिन विद्यालयों में इंटर्नशिप करेंगे उसे शिक्षक शिक्षा संस्थान के लैब स्कूल के रूप में माना जाना चाहिए ताकि शिक्षकों और शिक्षक प्रशिक्षणर्थियों को स्कूल के छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय के साथ लगातार संलग्न करने में सक्षम बनाया जा सके, जिसमें शिक्षा प्रणाली, स्वयं विद्यालयीन छात्र, समुदाय आदि की समझ विकसित की जा सके। विद्यालयों में शिक्षक प्रशिक्षणार्थी विभिन्न शैक्षिक प्रयोग, बातचीत, सूचना एकत्रित करना आदि संकलित कर सके इसके लिए ये स्कूल उन्हें उपलब्ध कराया जाना है।

इंटर्नशिप के दौरान शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों का प्रदर्शन और उपलब्धियों का मूल्यांकन/प्रमाणन के उद्देश्य के लिए स्कूल के प्रधानपाठक एवं शिक्षक शिक्षा संस्था के संकाय सदस्य उनका लगातार निर्धारित तरीके से मूल्यांकन करते है।

संक्रियात्मक परिभाषाएं

इंटर्नशिप कार्यक्रम – इंटर्नशिप कार्यक्रम से तात्पर्य एक ऐसे सौदेष्यपुर्ण तथा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से है जिसका लक्ष्य शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को

व्यावसायिक एवं व्यावहारिक कार्यों का अनुभव प्रदान करना है।

'इंटर्नशिप' शिक्षक – शिक्षा का एक महत्वपूर्ण क्रियात्मक भाग है जिसमें छात्राध्यापक व्यावसायिक रूप से शिक्षण की ऊंचाइयों तक पहुंचने का प्रयास करता है । कोठारी आयोग (1964–66) के अनुसार शिक्षण में गुणवत्ता सुधार के लिए शिक्षकों को बतौर पेशेवर तैयार करना अत्यन्त जरूरी है ।

प्रतिक्रिया – प्रतिक्रिया से तात्पर्य इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा अपने विचार या संदेशों के माध्यम से व्यक्त किये गये कार्य या व्यवहार से है। अर्थात शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान किये गये कार्य या व्यवहार के प्रति प्रतिपुष्टि देना प्रतिक्रिया है।

औचित्य – मानव व्यक्तित्व के विकास एवं राष्ट्र की प्रगति में शिक्षा का अतुलनीय महत्व है। शिक्षा के माध्यम से समाज व राष्ट्र हेतु बुद्धिजीवी वर्ग का निर्माण होता है, जो राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान देता है। शिक्षा की महत्वता तभी बनी रह सकती है जब वह समय और समाज के अनुकूल हो, और अनुकूलन तभी होगा जब शिक्षक की 'भूमिका' का निर्वहन उपयुक्त तरीके से हो। आज शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु शैक्षिक क्रान्ति का बिगुल बज रहा है, शिक्षा प्राचीन परम्पराओं के चंगुल से निकलकर शिक्षण अधिगम तथा प्रशिक्षण के क्षेत्र में मनोविज्ञान की आधुनिक विधियों का प्रयोग कर रही है। शिक्षण अभ्यास के अंतर्गत विद्यालय एवं विद्यार्थियों के बहुविकास पर आधारित गतिविधियों के प्रारूप की रचना की जाती है ताकि शिक्षक प्रशिक्षणार्थी सैद्धांतिक विषयों से व्यावहारिक रूप से जुड़ सके तथा उसे शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त करने के परिप्रेक्ष्य में सहयोग मिल सकें और प्राप्त पूर्व ज्ञान और अभ्यासों की क्रमबद्ध संरचना उनके शिक्षण कार्य को प्रभावशाली रूप से सक्षम बना सकें। इंटर्नशिप के दौरान प्रशिक्षणार्थियों से यह आशा की जाती है कि वे अपने निर्देशक/सहपाठियों की कक्षा शिक्षण प्रक्रिया का अवलोकन करे जिससे उनमें छात्रों के व्यवहार, अनुदेशात्मक अभ्यास, छात्र अधिगम वातावरण और कक्षा प्रबंधन के प्रति समायोजन एवं अंत:दृष्टि का विकास हो सके। संबंधित शोध में सिंह दलजीत (1991), राठौड़ मीना बुद्धिसागर (2000), त्रिपाठी प्रतिभा (2003), चतुर्वेदी शोभा (2005), हुसैन एवं अन्य (2011), हीरेमठ, (2012), त्रिवेदी, (2012), ने इंटर्नशिप के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित शोधकार्य किये परन्तु बी.एड. के शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति प्रतिक्रिया का अध्ययन से संबंधित शोध अध्ययन पर ध्यानाकर्षित करना न्यायोचित एवं प्रासंगिक है।

उद्देश्य– शोध के उद्देश्य निम्नलिखित थे :

1 बी.एड. इंटर्नशिप कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं की प्रतिक्रियाओं के माध्य फलांकों की तुलना करना।

2 बी.एड. इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति प्रशिक्षणार्थिओं की प्रति प्रतिक्रियाओं का अध्ययन।

शिक्षण विधि – प्रस्तुत शोधकार्य हेतु सर्वेक्षण प्रविधि का उपयोग किया गया।

न्यादर्श– प्रस्तुत शोधकार्य हेतु शोधकर्ताओं द्वारा यादृछिक न्यादर्श तकनीक द्वारा न्यादर्श के रूप में 50 शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को चयनित किया गया। शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की जानकारी निम्नलिखित तालिका में प्रस्तुत हैं–

क्र.	विद्यालय का नाम	प्रशिक्षणार्थी
1.	शा. कस्तुरबा कन्या हा. से. स्कूल राजवाड़ा, इंदौर	10
2.	सावित्री कला हा. से. स्कूल राजवाड़ा, इंदौर	10
3.	शा. कन्या हा. से. स्कूल नेहरू नगर (नंदा नगर), इंदौर	9
4.	शा. बा. हा. से. स्कूल बिजलपुर (डाईट), इंदौर	11
5.	मालव शिशु विहार हा. से. स्कूल माणिकबाग रोड, इंदौर	10
	कुल न्यादर्श की संख्या	50

लिंग वार न्यादर्श संख्या को प्रदर्शित करती तालिका

क्र.	लिंग		संख्या
1.	प्रशिक्षणार्थी	छात्र	24
2.		छात्राएँ	26
	कुल		50

उपकरण:–

प्रस्तुत शोध कार्य के लिए–

1 प्रशिक्षणार्थिओं कि प्रतिक्रियाओं को ज्ञात करने हेतु शोधार्थियों द्वारा निर्मित प्रतिक्रिया मापनी उपकरण का उपयोग किया गया था।

प्रदत्तों का संकलन– सर्वप्रथम शोधकर्ताओं द्वारा इन्टर्नशिप प्रभारी एवं विद्यालय के प्राचार्यो से शोध कार्य हेतु अनुमति ली गयी। तत्पश्चात शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों से संपर्क कर शोध के उद्देष्यों से अवगत करा कर इन्टर्नशिप के पश्चात प्रतिक्रिया मापनी प्रशासित की गयी। इस शोध अध्ययन को पूर्ण करने में प्राचार्यो, अध्यापकों एव शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के अमूल्य समय लेने के लिए शोधकर्ताओं द्वारा उन्हें धन्यवाद दिया गया और आभार प्रकट किया गया था।

प्रदत्तों का विश्लेषण – प्रस्तुत शोध कार्य में शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया के मापन हेतु शोधार्थियों द्वारा निर्मित प्रतिक्रिया मापनी का उपयोग किया गया था। जिसमें कुल 20 कथन थे। प्रतिक्रियाओं हेतु पांच बिन्दु मापनी पूर्णत: सहमत, सहमत, अनिश्चित, असहमत एवं पूर्णत: असहमत का उपयोग किया गया। सकारात्मक कथनों हेतु पाँच बिन्दु मापनी पर क्रमश: 5, 4, 3, 2 व 1 तथा नकारात्मक कथनों हेतु क्रमश: 1, 2, 3, 4 व 5 अंक भार का उपयोग किया गया था। तथा तत्पश्चात शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रियाओं का प्रतिशत निकाला गया था।

शिक्षक प्रशिक्षणार्थिओं की प्रतिक्रिया लिंगवार न्यादर्श संख्या, माध्य फलांक, मानक विचलन एवं 'टी' मूल्य को प्रदर्शित करती तालिका–1

लिंग	न्यादर्श संख्या	माध्य	मानक विचलन	स्वतंत्रता की कोटि (df)	't' मूल्य	सार्थकता स्तर
शिक्षक प्रशिक्षणार्थी (छात्र)	24	64.64	9.02	48	0.27	0.79
शिक्षक प्रशिक्षणार्थी (छात्राएँ)	26	65.32	8.77			

तालिका 01 से स्पष्ट है कि लिंग के लिए 'टी' का मान 0.27 है, जिसके लिए स्वतंत्रता की कोटि= 48 पर, द्वि–पुच्छीय सार्थकता का मान 0.79 है, जो कि 0.05 से बड़ा है, अत: गणना से प्राप्त 'टी' का मान स्वतंत्रता की कोटि = 48 तथा 0.05 सार्थकता स्तर पर सार्थक नहीं है, अर्थात् छात्र एवं

छात्राओं के प्रतिक्रियाओं के माध्य फलांकों में कोई सार्थक अंतर नहीं हैं।

अत: निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि बी.एड. इंटर्नशिप में प्रतिक्रियाओं के प्रति छात्र एवं छात्राओं के माध्य फलांको में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया। अर्थात् छात्र एवं छात्राओं की प्रतिक्रियाओं के सन्दर्भ में बी.एड. इंटर्नशिप को एक समान रूप से प्रभावी पाया गया।

तालिका –2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 02 से स्पष्ट है कि शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रियाओं हेतु कथन क्र. 01 'आप इन्टर्नशिप में कार्य उपलब्धि की अपेक्षा प्रशंसा करने से अधिक प्रसन्न/खुश होते है।' पर 3 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 5 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 2 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने अनिश्चित विकल्प पर, 60 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 30 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। सकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 90 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 02 'इन्टर्नशिप में ऐसा लगता है कि अन्य सहपाठी आपसे कभी–कभी लाभ उठा लेते है।' पर 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 50 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 02 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने अनिश्चित विकल्प पर, 08 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 30 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। नकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 60 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 03 'इन्टर्नशिप में अन्य सहपाठियों के साथ आप काम करना पसंद करते है।' पर 20 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 65 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 05 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। सकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 85 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 04 ' इन्टर्नशिप में आपका दिमाग कभी–कभी इतना भ्रमित हो जाता है कि जिस काम को आप कर रहे हो उसको भुल जाते है।' पर 2 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 40 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 50 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 8 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। नकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 58 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 05 ' आप इन्टर्नशिप में ऐसा सोचते है कि आपने ऐसे पाठ्यक्रम का चुनाव किया है जो आपके लिए अधिक उपयोगी होगा।'' पर 70 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने अनिश्चित विकल्प पर, 07 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 03 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। सकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 89 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 06 'इन्टर्नशिप में आपके अनुकूल शैक्षिक कार्य करने में आपकों कठिनाई होती है।' पर 15 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 15 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 05 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने अनिश्चित विकल्प पर, 30 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 35 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। नकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 58 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 7 'इन्टर्नशिप में आपके ऐसे मित्र है जिन पर आपको पूर्ण विश्वास हो।' पर 20 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 65 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 05 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। सकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 85 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 8 'इन्टर्नशिप में आप ऐसा सोचते हैं कि आपको आपने शिक्षकों से प्रोत्साहन मिलता है।' पर 30 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 60 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 8प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 02 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। सकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 90 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 9 'इन्टर्नशिप में किसी कक्ष में जब बहुत सारे शिक्षक बैठे हो उस कक्ष में जाने में आपको संकोच होता है।' पर 20 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 5 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 0 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने अनिश्चित विकल्प पर, 70 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 05 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। नकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 75 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 10 ' इन्टर्नशिप में जब कोई शिक्षक किसी शिक्षक प्रशिक्षणार्थी की प्रशंसा करते हैं तो आप दु:खी नहीं होते है।' पर 20 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 60 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 0 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने अनिर्षिचत विकल्प पर, 15 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 5 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। सकारात्मक कथन हेतु शिक्षक

प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 90 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 11 'इन्टर्नशिप में आपको अपनी कठिनाईयों को अपने शिक्षकों को बताने में डर लगता है।' पर 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 70 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। नकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 75 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 12 'इन्टर्नशिप में आपको ऐसा लगता हैं कि आपके शिक्षक अन्य सहपाठियों का पक्ष लेते है।' पर 15 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 0 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने अनिश्चित विकल्प पर, 70 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 5 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। नकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 75 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 13 क्या आप इन्टर्नशिप में अपने सहपाठियों के साथ छोटी–2 बातों पर झगड़ा नहीं करते है। पर 15 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 55 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 15 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 15 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। सकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 70 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 14 ' इन्टर्नशिप में आपको ऐसा लगता हैं कि आपके दोस्तों का प्रस्तुतीकरण आपसे अच्छा होता हैं क्योंकि उन्हें अच्छी सुविधायें प्राप्त होती है।' पर 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 30 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने अनिश्चित विकल्प पर, 40 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। नकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 50 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया औसत रही।

कथन क्र. 15 'इन्टर्नशिप में अपने शिक्षकों के सामने विषय वस्तु का प्रस्तुतीकरण देने से आपको डर लगता है।' पर 20 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 0 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने अनिश्चित विकल्प पर, 40 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 30 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। नकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 70 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 16 'इन्टर्नशिप में अपके द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली विषय वस्तु को याद रखने में आपको कठिनाई नहीं होती है।' पर 30 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 50 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। सकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 80 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 17 'बीमारी के कारण आप प्राय: इन्टर्नशिप से अनुपस्थित रहते है।' पर 5 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 0 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने अनिश्चित विकल्प पर, 25 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 60 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। नकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 85 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 18 ' इन्टर्नशिप में अपने शिक्षकों के सामने प्रस्तुत की जाने वाली विषय वस्तु की तैयारी करना जानते है।' पर 40 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 30 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 10 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 20 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। सकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 70 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 19 'रात में काफी सो लेने के बावजुद इन्टर्नशिप की कक्षाओं में आपको नींद आती है।' पर 15 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 5 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 40 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 40 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। नकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 80 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

कथन क्र. 20 'इन्टर्नशिप में आपको अपने विचारों को कक्षा में लिखकर पढाने में कठिनाई होती है।' पर 5 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: सहमत विकल्प पर, 20 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सहमत विकल्प पर, 35 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने असहमत विकल्प पर, एवं 40 प्रतिशत शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्णत: असहमत विकल्प पर अपनी प्रतिक्रियाएँ दी हैं। नकारात्मक कथन हेतु शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की इन्टर्नशिप के प्रति प्रतिक्रिया 75 प्रतिशत से अधिक है। अत: शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही।

निष्कर्ष – शोध अध्ययन के निष्कर्ष निम्नलिखित हैं:

1. अत: निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि बी.एड. इंटर्नशिप में शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिक्रियाओं के प्रति छात्र एवं छात्राओं के माध्य फलांको में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया। अर्थात् छात्र एवं छात्राओं की प्रतिक्रियाओं के सन्दर्भ में बी.एड. इंटर्नशिप को समान रूप से प्रभावी पाया गया।
2. अत: निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि बी.एड. शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों

की इंटर्नशिप के प्रति प्रतिक्रियाएँ अधिक सकारात्मक पायी गई। अत: बी.एड. पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचालित होने वाली इंटर्नशिप शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के अनुकूल है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सुमित उपाध्याय (2018) विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रचलित इंटर्नशिप कार्यक्रम का शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की संवेगिक आत्मीयता, समावेषीय अभिवृत्ति एवं शिक्षण कौशल पर प्रभाव का अध्ययन। पी.एच.डी.(शिक्षा शास्त्र) उपाधि हेतु ।
2. राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, शंकरनगर रायपर,छत्तीसगढ़ शाला अवलोकन एवं शाला अनुभव कार्यक्रम प्रथम एवं द्वितीय वर्ष 2018-19
3. शिक्षा विद्यापीठ (विद्यालय अनुभव कार्यक्रम-2015-2017) महात्मा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र) 442001
4. जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर ग्राम-मदाऊ पो. भांकरोटा, जयपुर-302026 (विद्यालय अनुभव कार्यक्रम-2015-2017)
5. राज्य शिक्षा केन्द्र, मध्य-प्रदेश, भोपाल।
6. एन.सी.एफ.टी.ई. रेग्यूलेशन (2009) http://www.mhrd.gov.in/ncfteregulation 2009
7. एन.सी.एफ.टी.ई. रेग्यूलेशन (2014): http://www.mhrd.gov.in/ncfte 2014-draft report.
8. राम शनवास, डॉ.ए.के. नौशियाल (जुलाई 2017) बी.एड. छात्राध्यापकों की शिक्षण सक्षमता एवं सृजनात्मक शिक्षण अभिवृत्ति के मध्य सम्बम्ध का अध्ययन।

शिक्षण प्रशिक्षणार्थिओं द्वारा व्यक्त की गई प्रतिक्रियाओं को प्रतिशत में प्रदर्शित करती तालिका -2

क्र.	कथन	पू.स.	स.	अ.	अ.स.	पू.अ.स.
1.	आप इन्टर्नशिप में कार्य उपलब्धि की अपेक्षा प्रशंसा करने से अधिक प्रसन्न/खुश होते है।	3	5	2	60	30
2.	इन्टर्नशिप में ऐसा लगता है कि अन्य सहपाठी आपसे कभी-कभी लाभ उठा लेते है।	10	50	2	8	30
3.	इन्टर्नशिप में अन्य सहपाठियों के साथ आप काम करना पसंद करते है।	20	65		10	5
4.	इन्टर्नशिप में आपका दिमाग कभी-कभी इतना भ्रमित हो जाता है कि जिस काम को आप कर रहे हो उसको भुल जाते है।	2	40	0	50	8
5.	आप इन्टर्नशिप में ऐसा सोचते है कि आपने ऐसे पाठ्यक्रम का चुनाव किया है जो आपके लिए अधिक उपयोगी होगा।	70	10	10	7	3
6.	इन्टर्नशिप में आपके अनुकूल शैक्षिक कार्य करने में आपकों कठिनाई होती है।	15	15	5	30	35
7.	इन्टर्नशिप में आपके ऐसे मित्र है जिन पर आपको पूर्ण विष्वास हो।	20	65	0	10	5
8.	इन्टर्नशिप में आप ऐसा सोचते हैं कि आपको आपने शिक्षकों से प्रोत्साहन मिलता है।	30	8	0	60	2
9.	इन्टर्नशिप में किसी कक्ष में जब बहुत सारे शिक्षक बैठे हो उस कक्ष में जाने में आपको संकोच होता है।	20	5	0	70	5
10.	इन्टर्नशिप में जब कोई शिक्षक किसी शिक्षक प्रशिक्षणार्थी की प्रषंसा करते हैं तो आप दु:खी नहीं होते है।	20	60	0	15	5
11.	इन्टर्नशिप में आपको अपनी कठिनाईयों को अपने शिक्षकों को बताने में डर लगता है।	10	10	3	70	7
12.	इन्टर्नशिप में आपको ऐसा लगता हैं कि आपके शिक्षक अन्य सहपाठियों का पक्ष लेते है।	15	10	0	70	5
13.	क्या आप इन्टर्नशिप में अपने सहपाठियों के साथ छोटी-2 बातों पर झगड़ा नहीं करते है।	15	55	0	15	15
14.	इन्टर्नशिप में आपको ऐसा लगता हैं कि आपके दोस्तों का प्रस्तुतीकरण आपसे अच्छा होता हैं क्योंकि उन्हें अच्छी सुविधायें प्राप्त होती है।	10	30	10	40	10
15.	इन्टर्नशिप में अपने शिक्षकों के सामने विषय वस्तु का प्रस्तुतीकरण देने से आपको डर लगता है।	20	10	0	40	30
16.	इन्टर्नशिप में अपके द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली विषय वस्तु को याद रखने में आपको कठिनाई नहीं होती है।	30	50	0	10	10
17.	बीमारी के कारण आप प्राय: इन्टर्नशिप से अनुपस्थित रहते है।	5	10	0	25	60
18.	इन्टर्नशिप में अपने शिक्षकों के सामने प्रस्तुत की जाने वाली विषय वस्तु की तैयारी करना जानते है।	40	30	0	10	20
19.	रात में काफी सो लेने के बावजुद इन्टर्नशिप की कक्षाओं में आपको नींद आती है।	15	5	0	40	40
20.	इन्टर्नशिप में आपको अपने विचारों को कक्षा में लिखकर पढाने में कठिनाई होती है।	5	20	0	35	40

****